‘आज़ादी का अमृत महोत्सव’

इरेडा ने अगस्त क्रांति भवन में ‘हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी’ का आयोजन किया

नई दिल्ली, 24 फरवरी, 2022
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज ‘आज़ादी का अमृत महोत्सव’ के तहत अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस में एक भव्य ‘हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी’ का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री प्रदीप कुमार दास ने निदेशक (तकनीकी), श्री चिंतन शाह, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रीमती मनीषा सक्सेना एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग भी उपस्थित थे। इरेडा के सीएमडी ने अपने सम्बोधन में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वक्तृत्व दोहराया, “आजादी का अमृत महोत्सव का अर्थ स्वतंत्रता की ऊर्जा का अमृत है। इसका अर्थ हुआ स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं की प्रेरणाओं का अमृत; नए विचारों और संकल्पों का अमृत और आत्मनिर्भरता का अमृत।“ श्री दास ने आगे कहा, “हमें भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति में शहीदों के बलिदान को याद करते हुए अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्त्तव्यों का पूर्ण रूपेण निर्वाह करना चाहिए।“ उन्होने सभी इरेडा कर्मियों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनके ज्ञान और प्रदर्शन में और ज्यादा सुधार होगा और मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

प्रदर्शनी में स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदान गाथा एवं प्रसिद्ध रचनाकारों की रचनाएं एवं जीवन परिचय को प्रदर्शित करने के साथ-साथ इरेडा में हिंदी के वातावरण के निर्माण एवं प्रगामी प्रगति हेतु पुस्तकों के क्रय के लिए कुछ प्रकाशकों की पुस्तकें तथा ‘पुस्तक सूची’ आदि भी प्रदर्शित की गई। इरेडा कर्मियों के साथ-साथ अगस्त क्रांति भवन स्थित अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी इस प्रदर्शनी का लाभ उठाया।